an>

Title: Demand to open mandal office of Food Corporation of India in Jhunjhuru, Rajasthan.

श्री नरेन्द्र कुमार (झुन्झुनू): महोदया, मैं झुन्झुनू जिला राजस्थान में भारतीय खाद्य निगम का मंडल कार्यालय खुलवाने की माँग करता हूँ ।

महोदया, भारतीय खाद्य निगम पूरे भारत वर्ष में नागरिकों की सुविधा के लिए रखा गया है । देश का बहुत बड़ा हिस्सा राजस्थान में है, जो सात मंडल कार्यालयों के लिए अधीनस्थ कार्यरत है । इन डिपोज में कार्यरत कर्मचारियों की दैनिक समस्यायें भी होती हैं एवं जिनका निवारण मंडल कार्यालयों के माध्यम से किया जाता है । कुछ डिपोज ऐसी जगहों पर हैं जिनकी मंडल कार्यालयों से दूरी 250 से 300 किलोमीटर के लगभग है, जिसके कारण कर्मचारियों की समस्याओं या उनके किसी भी दस्तावेज को वहाँ पहुँचाने में बहुत अधिक समय लग जाता है । भारतीय खाद्य संग्रह भंडार झुन्झुनू से लगभग 13,000 एमटी खाद्यान्न भण्डारित किया जाता है, जो मंडल कार्यालय बीकानेर के अधीनस्थ कार्यरत है । झुन्झुनू डिपो से मंडल कार्यालय बीकानेर की दूरी लगभग 250 किलोमीटर है । इस कारण डिपो से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या का समाधान तुरन्त हो पाना सम्भव नहीं हो पाता है ।

महोदया, मेरा आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि झुन्झुनू में भारतीय खाद्य निगम का मंडल कार्यालय खुलवाने की कृपा करें । जय हिंद, जय भारत, धन्यवाद ।

माननीय सभापति: श्री प्रदीप कुमार सिंह – उपस्थित नहीं ।

श्री महाबली सिंह ।